राजीव कृष्णा, IPS
पुलिस महानिदेशक एवं
राज्य पुलिस प्रमुख, उत्तर प्रदेश

डीजी परिपत्र संख्या- 36 / 2025

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0
सिग्नेचर बिल्डिंग
शहीद पथ, गोमती नगर विस्तार,
लखनऊ – 226002
फोन नं.0522–2724003 / 2390240, फैक्स नं.0522–2724009
सीयूजी नं. 9454400101
ई–मेल : police.up@nic.in
वेबसाईट : https://uppolice.gov.in

दिनांक : सितम्बर, 06 2025

विषयः उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली, 2021 के अनुपालन हेतु दिशा-निर्देश।

प्रिय महोदय/ महोदया,

उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा-23 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर उ0प्र0 शासन द्वारा दिनांक 27.12.2021 को उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली 2021 अधिसूचित की गयी है। नियमावली 2021 उपरोक्त के लागू होने के बाद उसके अक्षरशः अनुपालन हेतु पार्श्वांकित बॉक्स में अंकित डीजी परिपत्र पूर्व में इस मुख्यालय स्तर से निर्गत किए गए हैं किन्तु इन दिशा-निर्देशों का कमिश्नरेट/ जनपद स्तर पर कड़ाई से अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

1. डीजी परिपत्र सं0-40/2022 दि० 09.12.2022
2. डीजी परिपत्र सं0-06/2023 दि० 14.02.2023
3. डीजी परिपत्र सं0-24/2023 दि० 26.07.2023
4. डीजी परिपत्र सं0-04/2024 दि० 19.01.2024
5. डीजी परिपत्र सं0-11/2025 दि० 21.03.2025
6. डीजी परिपत्र सं0-28/2025 दि० 29.07.2025

2- अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश, मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ ने अपने पत्र दिनांकित 20.08.2025(छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से मा० उच्च न्यायालय में विचाराधीन कतिपय रिट याचिकाओं का सन्दर्भ देते हुए अवगत कराया गया है कि गैंगचार्ट तैयार करते समय उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली-2021 में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन नहीं किया जा रहा है तथा कतिपय मामलों में गैंगचार्ट Printed Proforma पर तैयार किये गये हैं, अधिकारियों द्वारा अपने स्वतंत्र मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया गया है और न ही जिलाधिकारी / पुलिस अधीक्षक की संयुक्त मीटिंग की गई है। संयुक्त मीटिंग का रजिस्टर में अभिलेखीकरण भी नहीं किया गया है तथा कुछ मामलों में विवेचना 01 वर्ष की अधिकतम सीमा के बाद भी जारी रखी गई है तथा आरोप पत्र 01 वर्ष बाद दाखिल किया गया है।

3- उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली-2021 में गैंगचार्ट अनुमोदन के सम्बन्ध में नियमावली के अध्याय-3 में निम्नवत व्यवस्था दी गयी है —

5. (1) To initiate proceedings under this Act, the concerned Incharge of Police General Rules Station/Station House Officer/Inspector shall prepare a gang-chart mentioning the details of criminal activities of the gang.

(2) The gang-chart will be presented to the district head of police after clear recommendation of the Additional Superintendent of Police mentioning the detailed activities in relation to all the persons of the said gang.

(3) The following provisions shall be complied with in respect of gang-charts:-

**a. The gang-chart will not be approved summarily but after due discussion in a joint meeting of the Commissioner of Police, District Magistrate / Senior Superintendent of Police/Superintendent of Police.**

b. There may be no gang of one person but there may be a gang of known and other unknown persons and in that form the gang-chart may be approved as per these rules.

**c. The gang-chart shall not mention those cases in which acquittal has been granted by the Special Court or in which the final report has been filed after the investigation. However, the gang-chart shall not be approved without the completion of investigation of the base case.**

d. Those cases shall not be mentioned in the gang-chart, on the basis of which action has already been taken once under this Act.

e. A separate list of criminal history, as given in Form No.-4, shall be attached with the gang-chart detailing all the criminal activities of that gang and mentioning all the criminal cases, even if acquittal has been granted in those cases or even where final report has been submitted in the absence of evidence.

Along with the above, **a certified copy of the gang register kept at the police station shall also be attached with the gang-chart.** In addition to the above, the information of crime and gang members mentioned in the gang-chart will also be updated on Interoperable Criminal Justice System (ICJS) portal and Crime and Criminal Tracking Network System (CCTNS).

6. (1) While preparing the gang-chart, it shall be clearly mentioned if the alleged act of the gang falls within the purview of clause (b) of section 2 of the Act along with the relevant provision.

(2) If the Investigating Officer makes an endorsement to the effect that the accused is causing panic, alarm or terror in public, then evidence shall be collected in this regard.

7. (1) If action has been taken against a gang in the past under the Act and at present a new gang has been formed by the member or gang leader of such gang which has changed its criminal territory or is indulging in new criminal activities, then while preparing the new gang-chart, any crime mentioned in the earlier gang-chart shall not be mentioned in the existing gang-chart, and if crime is being committed by changing the gang, with new members or with new gang, then this fact should be clearly mentioned in the abstract of the gang-chart.

(2) In addition to the above, a list of criminal history may be attached separately.

8. (1) The Incharge of Police Station/Station House Officer/Inspector shall not mention the cases as Part Trial or Partial Trial (PT) without ascertaining the up-to-date status of the cases in the gang-ghart.

(2) No unconfirmed or false information shall be entered in the gang-chart.

(3) The latest status of the cases against the gang, which are being shown in the gang-chart, regarding their pendency in the Special Court, the convictions or the stage at which they are in the Court, must be clearly mentioned.

(4) The responsibility of recording the correct and true information shall lie on the concerned Incharge of Police Station/Station House Officer/Inspector.

(5) On discovering an adverse situation, the Incharge of Police Station/Station House Officer/Inspector shall be held liable for negligence under departmental and criminal proceedings.

9. (1) All the criminal cases against the gang leader and all the members of the gang, whether they are from different police stations of the district concerned or they are of other districts, in which action has been taken under the National Security Act, 1980 (Act no. 65 of 1980), sections 107, 108, 109, 110 of the Code, the Prevention of Illicit Traffic in Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1988 (Act no. 46 of 1988), Uttar Pradesh Control of Goondas Act, 1970 (U.P. Act no. 8 of 1971) or any expulsion order shall be clearly mentioned in the gang-chart and a certified copy of the order taken under the aforesaid Acts shall be attached with the gang-chart; and if such action is taken subsequently, it may be entered during the course of the investigation or trial, as the case may be.

(2) All India criminal database of Crime and Criminal Tracking Network System (CCTNS) and Interoperable Criminal Justice System (ICJS) shall also be used by the concerned

Incharge of Police Station/Station House Officer/Inspector in the collection of criminal history and criminal activities of the accused.

10. (1) Along with gang chart, the certified copy of the charge sheet and recovery memo shall be attached compulsorily.

(2) Where the accused is not named in the First Information Report and document discloses the way in which his name came to light and if something has been recovered, a certified copy of the recovery memo shall be attached.

11. (1) If any witness has turned hostile, it will also be clearly mentioned in the summary of gang-chart.

(2) In the concerned column of gang-chart, the present status of all the accused, whether they are presently in jail or on bail or absconding, shall be clearly mentioned.

12. (1) All the cases to be mentioned in the gang-chart will be mentioned after verifying the crime number, relevant section of the Act and the police station, carefully.

(2) A list of all criminal acts of the gang leader and members of the gang and the details as to whether Final Report has been filed in those cases or whether they have been acquitted by the Special Court shall be authentically prepared by the concerned Station In-charge/Station House Officer/ Inspector with his signature and seal in manner given in Form No.-3 of these rules along with the gang-chart, and it shall be attached separately with the gang-chart. A note shall be mentioned in the gang-chart that the list of all the criminal acts of the gang leader and members is attached separately. If action has been taken against the gang or its member in the past under this Act, then that will also be mentioned in the said list.

(3) The latest status of the cases against the gang being shown in the gang chart, whether they are currently pending in the Special Court or whether it is regarding conviction of the gangsters, will be mentioned.

(4) The concerned Station In-charge/Station House Officer/ Inspector, after thoroughly matching and confirming all the forms attached with it and after being satisfied in that regard, shall forward the gang-chart to the concerned Circle officer/Additional Superintendent of Police / Additional Commissioner of Police.

(5) The correctness and reliability of the entries and facts in the gang chart shall be ensured by a police officer not below the rank of the Circle Officer who has prepared the gang-chart.

13. While writing the abstract below the gang-chart and particulars separately with the gang-chart, the particulars of those offences shall be specifically mentioned:-

(i) which have been committed for pecuniary, materialistic and temporal or similar benefits, or

(ii) which disturb the public order; or

(iii) which are a ground for detention under the National Security Act, 1980 (Act no. 65 of 1980).

14. The gang-chart on the offences added vide the Uttar Pradesh Gangsters and Anti-Social Activities (Prevention) (Amendment) Act, 2015 (U.P. Act no. 14 of 2016) can be prepared only if they are committed after 20th January, 2015; otherwise they cannot be included in the gang-chart though they may be shown and accompanied with gang chart in the list of criminal history in the manner given under Form No.-3 of these rules.

15. (1) There should not be a situation of arbitrary selection against any gang under this Act.

(2) If action is not to be taken against any member of a gang who has committed a criminal act in association with the said gang, then in such a case clear and reasonable grounds for not mentioning his name in the gang and gang-chart shall be recorded with reasons and evidences.

(3) The final decision as to whether to include or not to include the name of member of a gang in the gang and gang-chart shall be at the discretion of the Commissioner of Police/District Magistrate.

16. The following manner shall be followed in the forwarding of Gang-Chart:

(1) Forwarding of the gang-chart by the Additional Superintendent of Police: The Additional Superintendent of Police will not only take a quick forwarding action in the case but he will duly peruse the gang-chart and all the attached forms; and when it is satisfied that there is a just and satisfactory basis to pursue the case, only then will he forward the letter along with the recommendation given below on the gang-chart to the Superintendent of Police/Senior Superintendent of Police.

"Throughly studied the gang-chart and attached evidence. The basis of action under the Uttar Pradesh Gangsters and Anti-Social Activities (Prevention) Act 1986 exists. Accordingly, forwarded with recommendation."

(2) Forwarding of the gang-chart by the district police in-charge: When the gang-chart along with all the Forms is received by the Senior Superintendent of Police / Superintendent of Police with the clear recommendation of the Additional Superintendent of Police, he will also thoroughly analyze all the facts and when it is confirmed that all the formalities of the Act have been fulfilled and there is a legal basis for taking action in the case, then he should forward the gang-chart to the Commissioner of Police/District Magistrate stating that: "I have duly perused the gang-chart and attached forms and I am fully satisfied that all the particulars mentioned in the case are correct and there is a satisfactory basis for taking action under the Uttar Pradesh Gangsters and Anti-Social Activities (Prevention) Act 1986. Accordingly, approved."

(3) Resolution of the Commissioner of Police/District Magistrate: When the gang-chart is sent to the Commissioner of Police/District Magistrate along with all the Forms, all the facts will also be thoroughly perused by the Commissioner of Police/District Magistrate and when he is satisfied that the basis of action exists in the case, then he will approve the gang-chart stating therein that: "I duly perused the gang-chart and attached Forms in the light of the evidence attached with the gang-chart. satisfactory grounds exist for taking action under the Uttar Pradesh Gangsters and Anti-Social Activities (Prevention) Act, 1986. The gang-chart is approved accordingly."

It is noteworthy that the words written above are only illustrative. There is no compulsion to write the same verbatim but it is necessary that the meaning of approval should be the same as the recommendations written above, and it should also be clear from the note of approval marked.

**17. (1) The Competent Authority shall be bound to exercise its own independent mind while forwarding the gang-chart.**

**(2) A pre-printed rubber seal gang-chart should not be signed by the Competent Authority; otherwise the same shall tantamount to the fact that the Competent Authority has not exercised its free mind.**

18. Gang Chart shall be sent only in the manner as given in Form No.-1 of these rules.

4- उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाजविरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली 2021 में दी गई व्यवस्था के अनुसार गैंगचार्ट तैयार करने, उसे अनुमोदित करने तथा विवेचनात्मक कार्यवाही शीघ्रता से पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में

दाखिल किया जाना आज्ञापक है। मा0 सर्वोच्च न्यायालय ने गोरखनाथ मिश्रा बनाम उ0प्र0 राज्य में पारित आदेश दिनांकित 14.05.2025 में गिरोहबन्द अधिनियम के प्राविधानों को लागू किये जाने के सम्बन्ध में उ0प्र0 राज्य द्वारा निर्गत शासनादेश दिनांकित 02.12.2024 के अनुसार कार्यवाही करने के लिये कहा गया है। मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित इसी न्यायिक निर्णय के आलोक में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने प्रार्थनापत्र अन्तर्गत 482 संख्या-20422/2024 विनय कुमार गुप्ता बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित निर्णय दिनांकित 12.05.2025 द्वारा व्यापक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं।

5- मा0 सर्वोच्च न्यायालय तथा मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित उपरोक्त न्यायिक निर्णयों के अनुपालन हेतु प्रमुख सचिव, गृह, उ0प्र0 शासन द्वारा शासनादेश संख्या-HC-48/छ:-पु0-9/2024-1939570 दिनांकित 03.07.2025 निर्गत किया गया, जिसके साथ समेकित चेक लिस्ट संलग्नक-1 के रूप में संलग्न है। शासनादेश दिनांकित 03.07.2025 द्वारा प्रमुख सचिव, गृह, उ0प्र0 शासन ने कार्यालय ज्ञाप संख्या-4619/छ:-पु0-9-2024-1867437 दिनांकित 02.12.2024 के माध्यम से निर्गत विस्तृत निर्देशों तथा समेकित चेक लिस्ट में दी गयी प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। शासन द्वारा निर्गत उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन हेतु डीजी परिपत्र संख्या-28/2025 दिनांकित 29.07.2025 द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं।

6- उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली 2021 के अन्तर्गत अनुमोदन हेतु विभिन्न अधिकारियों द्वारा किस प्रकार अपना अंकित किया जायेगा, इस सम्बन्ध में दृष्टान्त स्वरूप कमिश्नरेट लखनऊ में प्रकरण विशेष में तैयार किये गये अभिलेखों की छायाप्रति संलग्न की जा रही है, उपरोक्त संदर्भित प्रकरण विशेष के अभिलेख मात्र मार्गदर्शन हेतु संलग्न किये जा रहे हैं। प्रत्येक प्रकरण में प्रत्येक स्तर पर सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा अपने स्वतंत्र मस्तिष्क का प्रयोग करते हुये प्रकरण विशेष के तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर अपनी संतुष्टि (Satisfaction) अंकित की जानी है।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि मा० सर्वोच्च न्यायालय तथा मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 तथा उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली 2021 के प्राविधानों का अक्षरश: अनुपालन करने हेतु अपने अधीनस्थ सभी राजपत्रित अधिकारियों/ थाना प्रभारियों/विवेचकों को निर्देशित करें तथा समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करें एवं अपराध गोष्ठी में विस्तार से अवगत करायें तथा इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा इन निर्देशों के अनुपालन में शिथिलता बरती जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा पर्यवेक्षण अधिकारियों का दायित्व भी निर्धारित किया जायेगा।

**संलग्नक:यथोपरि।**

भवदीय

(राजीव कृष्णा)

1. समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक /प्रभारी जनपद/ रेलवेज, उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-**

1. समस्त पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था), उ०प्र० लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवेज, उ०प्र० लखनऊ।
4. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ०प्र०।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, मुख्यालय उ०प्र०।
6. अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उ०प्र०।
7. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ०प्र०।

विनोद कुमार शाही
अपर महाधिवक्ता, उ0प्र0

2018/25
13:45

# उच्च न्यायालय लखनऊ

निवास : बी1/58, सेक्टर–के, (निकट केन्द्रांचल कालोनी) अलीगंज, लखनऊ–226024
मोबाइल : 9415040010, 9956888880
फोन : 0522–2722722 (का.)

O/C

स0 : 59/PS/AAG/LKO
दिनांक : [illegible]

सेवा में,

1– प्रमुख सचिव, गृह,
उ0प्र0शासन, सिविल सचिवालय, लखनऊ।

2– पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।

विषय– ए482 नं0–5611/2025 अरूण राय बनाम उ0प्र0 राज्य,
ए482 नं0–6077/2025 राकेश पाण्डेय बनाम उ0प्र0 राज्य,
ए482 नं0–6220/2025 वसीम बनाम उ0प्र0 राज्य,
ए482 नं0–6223/2025 अनिल राय बनाम उ0प्र0 राज्य,
ए482 नं0–6227/2025 उदय प्रताप सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य,
ए482 नं0–6466/2025 राम प्रकाश मिश्रा बनाम उ0प्र0 राज्य तथा
ए482 नं0–6505/2025 दीपेन्द्र वर्मा बनाम उ0प्र0 राज्य।

महोदय,

कृपया उपरोक्त याचिकाओं का संदर्भ ग्रहण करें।

उपरोक्त याचिकाओं में याचीगण द्वारा यह आधार लिया गया है तथा बहस की गयी है कि गैंगचार्ट तैयार करते समय गैंगस्टर अधिनियम के तहत जो रूल 2021 में बनाये गये उनका अनुपालन नहीं हुआ है तथा गैंगचार्ट प्रिन्टेड प्रोफार्मा पर तैयार किया गया है तथा अधिकारियों द्वारा अपने स्वतंत्र मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया गया है न ही ज्वाइन्ट मीटिंग की गयी है।

बहस के दौरान यह भी कहा गया है कि गैंगचार्ट माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विनोद बिहारी लाल बनाम उ0प्र0 राज्य में पारित आदेश दिनांक 23–05–2025 के विपरीत है तथा आदेश में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया गया है, बहस में कहा गया है कि कुछ मामलों में विवेचना एक वर्ष की अधिकतम सीमा के बाद भी जारी रखी गयी है तथा आरोपपत्र एक वर्ष बाद दाखिल किया गया है।

अधिकारियों से वार्ता के कम में रूल्स के तहत ज्वाइन्ट मीटिंग किये जाने के अभिलेख अभीतक प्रस्तुत नहीं किये जा सके है जबकि मामला आज दिनांक 20–08–2025 को सुनवाई हेतु नियत है।